www.avadhkaawaz.com

# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

वर्ष–9 अंक–248 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ गुरुवार 7 जनवरी 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया

## किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार का महाअभियान का सीएम योगी ने किया शुभारंभ



लखनऊ। किसानों की आय को दोगुना करने की मुहिम के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ के दादूपुर गांव में 'किसान कल्याण मिशन' का शुभारंभ किया। उन्नत किसान और आत्मनिर्भर प्रदेश के संकल्प के तहत प्रदेश के 825 ब्लॉकों में किसान कल्याण मिशन के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। किसान कल्याण मिशन के जरिए सरकार ने खेतीबाड़ी के उन्नत तरीकों से आय बढ़ाने के लिए प्रगतिशील किसानों की मदद लेने की योजना बनाई है। स्थानीय स्तर पर होने वाले किसान मेलों और किसान गोष्ठियों में यही प्रगतिशील किसान बाकी किसानों को अपनी सफलता बताएंगे। सरकार को उम्मीद है कि उनकी कहानी से प्रेरणा लेकर अन्य किसान भी बेहतर काम कर खुशहाल होंगे। इसके लिए कृषि विभाग हर जिले से रोल मॉडल के रूप में 100 प्रगतिशील किसानों का चयन करेगा। 6 से 21 जनवरी तक प्रदेश के सभी 825 ब्लॉकों पर होने वाले कार्यक्रमों में किसानों को मंच देने के साथ उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा।

## जीवन में चुनौतियों का डटकर मुकाबला करना ही सच्ची जीत: मोदी

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। वाक् एवं श्रवण दिव्यांगता की शिकार गुजरात के सूरत की रहने वाली 23 वर्षीया वंदना ने दिवाली पर्वपर रंगोली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कलाकृति बनायी और उसकी तस्वीर उन्हें भेजी। मोदी ने भी वंदना की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि जीवन में चुनौतियों का डटकर मुकाबला करना ही सच्ची जीत है। वंदना के भाई किशनभाई पटेल ने बताया कि जब प्रधानमंत्री ने उसके भेजे चित्र का पत्र के माध्यम से जवाब भेजा तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने कहा कि इससे उसे बहुत प्रेरणा मिली। पटेल ने बताया कि वंदना बचपन से ही वाक् एवं श्रवण दिव्यांगता की शिकार है और वह एक कोचिंग संस्थान में इससे संबंधित कला सीख रही है। वंदना को भेजे पत्र में प्रधानमंत्री ने उसकी हौसला अफजाई करते हुए लिखा कि जिंदगी में बाधाएं और चुनौतियां आती रहती हैं लेकिन विपरित परिस्थितियों में भी बिना हारे हम जब डटकर उसका मुकाबला करते हैं तो वही सच्ची जीत होती है। उन्होंने वंदना के सुनहरे भविष्य की कामना की और उम्मीद जताई कि वह कला व शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करेंगी। प्रधानमंत्री को चित्र के साथ भेजे गए पत्र में वंदना ने उन्हें अपनी प्रेरणा बताया था। रंगोली एक ऐसी कला है जिसमें रंग–बिरंगे पिसे हुए चावल, बालू या फूलों से कलाकृतियां बनाई जाती हैं।



## न्यायालय कृषि कानूनों के खिलाफ और किसान आन्दोलन संबंधी मामले में 11 जनवरी को करेगा सुनवाई

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि तीन कृषि कानूनों की वैधता को चुनौती देने वाली और दिल्ली सीमा पर किसानों के आन्दोलन से संबंधित याचिकाओं पर11 जनवरी को सुनवाई की जायेगी। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने टिप्पणी की कि किसानों के आन्दोलन के मसले पर जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं हुआ है। केन्द्र ने पीठ को सूचित किया कि सरकार और किसानों के बीच इन मसलों पर 'स्वस्थ विचार विमर्श' जारी है। अटार्नी जनरल के के वेणुगोपाल ने कहा कि निकट भविष्य में संबंधित पक्षों के किसी नतीजे पर पहुंचने की काफी उम्मीद है और नये कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केन्द्र का जवाब दाखिल होने की स्थिति में किसानों और सरकार के बीच बातचीत बंद हो सकती है। सालिसीटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को सूचित किया कि सरकार और किसानों के बीच स्वस्थ वातावरण में बातचीत जारी है और इस मामले को आठ जनवरी को सूचीबद्ध नहीं किया जाना चाहिए। इस पर पीठ ने कहा, ''हम स्थिति को समझते हैं और सलाह मशविरे को प्रोत्साहन देते हैं। अगर आप बातचीत की प्रक्रिया के बारे में कहते हैं तो हम इस मामले को सोमवार 11 जनवरी के लिये स्थगित कर सकते हैं।'' शीर्ष अदालत अधिवक्ता मनोहर लाल शर्मा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। शर्मा ने भी तीनों कृषि कानूनों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दे रखी है। पीठ ने शर्मा की याचिका पर केन्द्र को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। शर्मा का तर्क है कि केन्द्र को संविधान के तहत इन कानूनों को बनाने का अधिकार नहीं है। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा, ''ये किसानों से संबंधित मामले हैं। दूसरे मामले कहां हैं? वे कब सूचीबद्ध हैं? हम सारे मामलों की एक साथ सुनवाई करेंगे।'' पीठ ने मेहता से कहा कि दूसरे मामलों की स्थिति के बारे मे पता करें कि वे कब सूचीबद्ध हैं। मेहता ने कहा कि इन याचिकाओं पर सुनवाई के लिये पहले कोई निश्चित तारीख नहीं दी गयी थी। पीठ ने कहा, ''हम इस याचिका (शर्मा की) को शुक्रवार को सुनवाई के लिये रख रहे हैं और इस बीच संशोधित याचिका को रिकार्ड पर लेने की अनुमति दे रहे हैं।'' पीठ ने कहा, ''एम एल शर्मा हमेशा ही चौंकाने वाली याचिकायें दायर करते हैं और वह कहते हैं कि केन्द्र को कानून बनाने का अधिकार नहीं है। '' शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस याचिका पर पहले से लंबित सारे मामलों के साथ विचार करेगी क्योंकि ''हमे लगता है कि स्थिति में अभी कोई सुधार नहीं हुआ है।'' मेहता ने जब यह कहा कि बातचीत स्वस्थ माहौल में हो रही है, पीठ ने कहा कि वह इन मामलों पर 11 जनवरी को सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने नये कृषि कानूनों– कृषक (सशक्तिकरण एवं संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा करार कानून, 2020, कृषक उत्पाद व्यापार एवं वाणिज्य (संवर्धन एवं सरलीकरण) कानून, 2020 और आवश्यक वस्तु (संशोधन) कानून 2020 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 12 अक्टूबर को केन्द्र को नोटिस जारी किया था। न्यायालय ने पिछले साल 17 दिसंबर को दिल्ली की सीमा पर किसानों के आंदोलन को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कहा था कि किसानों के प्रदर्शन को ''बिना किसी अवरोध'' के जारी रखने देना चाहिए और शीर्ष अदालत इसमें ''दखल'' नहीं देगी क्योंकि विरोध का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। न्यायालय ने किसानों के अहिंसक विरोध प्रदर्शन के अधिकार को स्वीकारते हुए कहा था कि उनके विरोध प्रकट करने के मौलिक अधिकार से दूसरे लोगों के निर्बाध तरीके से आवागमन और आवश्यक वस्तुयें प्राप्त करने के मौलिक अधिकार का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए क्योंकि विरोध प्रदर्शन करने के अधिकार का मतलब पूरे शहर को अवरूद्ध कर देना नहीं हो सकता।

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की ईवीएम से चुनाव न कराने की मांग वाली याचिका

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। निर्वाचन आयोग को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम से चुनाव ना कराए जाने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। चीफ जस्टिस एसए बोब्डे की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए पूछा कि आपका कौन सा मूल अधिकार प्रभावित हो रहा है। चीफ जस्टिस ने कहा कि आप हाईकोर्ट में याचिका दायर कीजिए। याचिका वकील सीआर जया सुकीन ने दायर की थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने कहा कि वोट देने का अधिकार मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि ईवीएम को पारंपरिक बैलेट पेपर से पूरे देश में बदला जाना चाहिए। याचिका में कहा गया था कि अगर प्रधानमंत्री कार्यालय में कंप्यूटर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के निजी कंप्यूटर को हैक किया जा सकता है तो जिलों के दूरदराज ग्रामीण इलाकों में स्टोर रूम में बंद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें कैसे सुरक्षित रहेंगी।

महिला कल्याण तथा
बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग
का सम्मिलित प्रयास

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

# गतिविधियां जनवरी - फरवरी, 2021

## जनपद, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर

| दिनांक | विषय/थीम |
|---|---|
| 5-15 जनवरी | • रोज़गार / रोज़गारपरक प्रशिक्षण से जोड़े जाने वाले किशोर-किशोरियों तथा महिलाओं का चिन्हांकन<br>• जैन्डर चैंपियन्स तथा मेधावी छात्राओं की पहचान<br>• पुलिस फैस्लीटेशन आफीसर की नियुक्ति / नामांकन |
| 5-15 फरवरी | • 100-100 किशोर-किशोरियों तथा महिलाओं को रोज़गार तथा रोज़गारपरक प्रशिक्षण से जोडना |
| 11 जनवरी | • पी0सी0पी0एन0डी0टी0 अधिनियम पर ऑनलाइन अभिमुखीकरण |
| 12 जनवरी | • बाल विवाह प्रतिषेद्ध अधिनियम पर ऑनलाइन अभिमुखीकरण |
| 13 जनवरी | • कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम पर ऑनलाइन अभिमुखीकरण |
| 15 जनवरी | • दहेज प्रतिषेद्य अधिनियम पर ऑनलाइन अभिमुखीकरण |
| 16 जनवरी | • घरेलू हिंसा अधिनियम पर ऑनलाइन अभिमुखीकरण |
| 18 से 20 जनवरी के मध्य सुविधानुसार | • बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल संरक्षण समिति, बाल विवाह टास्क फोर्स तथा वन स्टॉप टास्क फोर्स की संयुक्त समीक्षा बैठक |
| 21 जनवरी | • जेन्डर चैंम्पियन्स् तथा मेधावी छात्राओं का सम्मान |
| 22 जनवरी | • कन्या जन्मोत्सव |
| 23 जनवरी | • वन स्टॉप केन्द्रों का उद्घाटन तथा पुलिस फैस्लीटेशन ऑफीसर का सम्मान |
| 24 जनवरी | • ``नायिका`` (मेगा इवेन्ट)<br>• बाल विवाह - राज्य स्तरीय कार्ययोजना का विमोचन |
| 25 जनवरी | • मुख्य स्थानों पर डिजिटल/एनालॉग गुड्डा-गुड्डी बोर्ड की स्थापना |
| 26 जनवरी | • बालिकाओं/जेन्डर चैम्पियन महिलाओं द्वारा झंडारोहण |
| 27 जनवरी से 13 फरवरी | • जनजागरूकता |
| 15 फरवरी | • प्रशासन की पाठशाला |
| 18 फरवरी | • खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन तथा पुरुस्कार वितरण |
| 24 फरवरी | • हक की बात जिलाधिकारी के साथ |
| 25 फरवरी | • जिला बाल संरक्षण समिति बैठक |

कन्या सुमंगला



# जिला प्रशासन की सहारा ग्रुप के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, रीयल एस्टेट ऑफिस सील, रेरा ने घोषित किया डिफॉल्टर

## आवासीय परियोजनाओं में निवेशकों का पैसा नहीं लौटाने पर प्रशासन ने सहारा इंडिया हाउसिंग कार्यालय पर ताला डाल दिया



लखनऊ। आवासीय परियोजनाओं में निवेशकों का पैसा नहीं लौटाने पर प्रशासन ने सहारा इंडिया हाउसिंग कार्यालय पर ताला डाल दिया। प्रशासन की कार्रवाई रियल स्टेट विनिमय और विकास अधिनियम अधिनियम रेरा के आदेश पर की गयी जिसमें बकाया वसूलने के लिए आरसी जारी की गयी थी। कंपनी ने हाउसिंग के तहत कई आवासीय परियोजनाएं लांच की थी। हजारों लोगों ने इसमें निवेश किया था। मगर लोगों के तय समय पर कब्जे नहीं मिले और योजनाएं भी लटक गयीं। सालों से निवेशकों का पैसा भी नहीं लौटाया गया। प्रशासन ने चेतावनी दी है कधि दो दध्नि में नध्विेशकों का पैसा नहीं लौटाया तो बाकी संपत्तियों को भी सील कर दिया जाएगा। दरअसल, तमाम निवेशकों ने रेरा में अपील की थी। रेरा ने सुनवाई के बाद पिछले वित्तीय वर्ष में ही करीब 20.89 करोड़ रुपये बकाया वसूली के लिए नोटिस जारी की थी। यह पैसा तमाम आवासीय योजनाओं में निवेशकों ने लगाया था। एसडीएम सदर प्रफुल त्रिपाठी के मुताबिक आरसी के बावजूद कंपनी की ओर से पैसा नहीं जमा कराया गया। इस पर रेरा ने कार्यालय सील करने का आदेश दिया। बुधवार को हाउसिंग एंड फाइनेंस कार्यालय को सील कर दिया गया।



उन्नाव। मैं अपने को भाग्यशाली मानता हूं मुझे ऐसे जनपद की सेवा करने का अवसर मिला जिला अधिकारी श्री रविंद्र कुमार ने शहीद शिरोमणि चंद्रशेखर आजाद 115 वी जयंती पर आजाद मेले का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किया। आजाद की माता जगरानी देवी की अध्यक्षता और प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ संपूर्णानंद के मुख्य अतिथि में प्रारंभ हुए इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का प्रति वर्ष 6 जनवरी को जनपद के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक महोदय उद्घाटन करते हैं। अवध की आवाज

# रामनगरी की भव्यता ग्रेटर नोयडा की तर्ज पर होगा रोड मैप की तैयारी

अवध की आवाज अम्बिकानन्द त्रिपाठी

अयोध्या। ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर रामनगरी में 81 किमी परिधि में रिंग रोड बनाकर हजारों एकड़ में आवासीय, व्यावसायिक और औद्योगिक उपनगर बसाने की तैयारी है। रामनगरी के चारों ओर विस्तार की यह नई योजना जल्द सामने आ जाएगी। यहां राममंदिर समेत पौराणिक अयोध्या, 251 मीटर ऊंची श्रीराम की मूर्ति समेत 12 सौ एकड़ में वैदिक सिटी को लेकर भूमि सुरक्षित करने के लिए पहले फेज पर काम चल रहा है। योजना को आकार देने में लगे अयोध्या विकास प्राधिकरण ने तय किया है कि जहां–जहां रिंग रोड लखनऊ, रायबरेली, प्रयागराज, आजमगढ़, गोरखपुर, गोंडा हाइवे को काटेगा, वहां भव्य चौराहा बनाने के साथ आधुनिक सुविधाओं से युक्त बाजार भी विकसित किया जाएगा। ग्रेटर अयोध्या की परिकल्पना में प्रध ाानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की खास पहल बताई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद देश–विदेश के लोगों में अयोध्या आकर दर्शन करने की लालसा है। देश ही नहीं विश्व के उद्योगपति भी यहां पर्यटन विकास से लेकर नया शहर बसाने और उसी के अनुरूप सुख–सुविधाओं में निवेश के इच्छुक बताए जा रहे हैं। पिछले दिनों मुंबई यात्रा के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ को कई उद्योगपतियों ने अयोध्या में निवेश के प्रस्ताव दिए थे। इसी के बाद शासन ने ग्रेटर रामनगरी का खाका खींचने को कहा था। एडीए की ओर से तैयार योजना में अयोध्या के चारों ओर विस्तार की अपार संभावना दर्शाई गई है। पहले फेज में रिंग रोड रामनगरी से लखनऊ रोड पर सोहावल के पास से निकलकर रायबरेली रोड, प्रयागराज रोड, आजमगढ़ रोड को काटते हुए नव्य अयोध्या के प्रस्तावित अधिग्रहीत क्षेत्र के किनारे से निकलते हुए फोर लेन प्रस्तावित बंधा मार्ग से सीधे सरयू पुल से जुड़ेगा। लेकिन बाद में बंध ाा मार्ग को भी इको जोन घोषित करके एक नए पुल के जरिए इसे डीएनडी की तर्ज पर गोरखपुर मार्ग के विक्रमजोत तक नई फोरलेन बनाकर विस्तार दिया जाएगा। फिर यहीं से आगे रिंग रोड को छपिया मार्ग, गोंडा मार्ग को काटते हुए सरयू पर एक और पुल बनाकर सोहावल के पास जोड़कर पूरा किया जाएगा। इस कार्य में सैकड़ों अरब धनराशि खर्च होगी, लिहाजा पूरा प्लान प्रदेश सरकार से केंद्र सरकार को जाएगा, जहां से फेजवार इस योजना पर खर्च और पूरा करने की टाइम लाइन तय होगी। विकास प्राधिकरण का प्लान है कि नया बाईपास जहां–जहां हाईवे पर काटेगा, वहां पर आवासीय कॉलोनियां बसाई जाएं। विकास प्राधिकरण का इरादा है कि शुरूआती चरण में कम से कम 15 सेक्टर बनाने का है। हर हाईवे को जोड़ने वाले स्थान को बड़े चौराहों के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके अलावा नए बाईपास पर ही व्यावसायिक व इंडस्ट्रियल कार्यों के लिए योजना बनाई जाएगी। रामनगरी में यातायात की सुविधाओं को सुलभ बनाने के लिए 81 किमी के नए विकसित होने वाले रिंग रोड के दोनों तरफ विकास की प्रबल संभावनाएं होंगी। यहां लगभग पांच हजार एकड़ में आधुनिक सुविधाओं के साथ यह एशिया की सबसे बड़ी दिल्ली की रोहिणी कॉलोनी की तर्ज पर स्थापित होगी। अयोध्या में आवासीय व व्यावसायिक योजनाओं के लिए भूमि की कोई कमी नहीं रहेगी। रामनगरी में यातायात सुलभ बनाने के लिए 81 किमी के रिंगरोड का डेमो हो चुका है। जिला प्रशासन की ओर से योजना पर सहमति बन चुकी है। अब इस प्रस्ताव को शासन को भेजा जा रहा है। योजना को मंजूरी मिलने के बाद शहर को नया बाईपास मिल जाएगा। रिंग रोड बनने से विकास योजनाओं के लिए भूमि का अभाव नहीं रहेगा। रामनगरी विकास प्राधिकरण एक बड़ी आवासीय व व्यावसायिक योजना धरातल पर उतारने की तैयारी में है। इसमें सोहावल से विक्रमजोत के बीच नए विकसित होने वाले बाईपास के बीच पांच हजार एकड़ भूमि पर एक बड़ी आवासीय योजना विकसित करने की तैयारी है। रिंगरोड के प्रोजेक्ट को शासन से मंजूरी मिलते ही अयोध्या विकास प्राधिकरण नई आवासीय व व्यावसायिक कॉलोनी विकसित करने का प्लान बनाएगा। नए बाईपास पर विकसित होनी वाली सभी सुविधाएं अति आधुनिक होंगी। इसमें सीवर से लेकर पेयजल तक की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। साथ ही चौड़ी सड़कें, बिजली की पर्याप्त व्यवस्था सहित पार्क व अन्य विकास कार्यों पर फोकस होगा। हरियाली व पर्यावरण सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसका डिजाइन विश्वस्तरीय कंसलटेंट टीम से तैयार कराया जाएगा। आम आदमी से लेकर बड़े उद्योगपति तक को जगह दी जाएगी। रामनगरी के समुचित विकास में रिंगरोड बड़ी भूमिका अदा करेगा। इसमें नया बाईपास विकसित हो जाने से विकास की संभावनाएं बलवती होंगी। अयोध्या विकास प्राधिकरण सोहावल से विक्रमजोत तक जाने वाले नए बाईपास पर एक बड़ी आवासीय योजना विकसित करेगा। यह दिल्ली के रोहिणी कॉलोनी की तर्ज पर होगी। रिंगरोड के प्रस्ताव को मंजूरी मिलते ही एडीए योजना का खाका खींचेगा।



अवध की आवाज लखनऊ से प्रकाशित के चीफ ब्यूरो गुड्डू मिश्रा जी से मिलकर अक्की सिंह ग्राम बंथर और मनोज गुप्ता जी ने मिलकर शिष्टाचार भेंट कर नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



सीतापुर/लखीमपुरमैगलगंज के खीरी सीतापुर बॉर्डर पर प्रेमी युगल ने की आत्महत्या मौके पर मैगलगंज और महोली की पुलिस मौजूद, जनपद सीतापुर महोली थाना क्षेत्र के है प्रेमी युगल, नाजायज असलहे से की आत्महत्या।

# सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ का नारा खोखला–अकील खान

*अवध की आवाज राज इटौंजा*

*इटौंजा। अकील खान लखनऊ पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवक्ता मोहम्मद अकील खान ने कहा कि आखिर कब तक सिस्टम की मार सहती रहेंगी बेटियां यहां बेकार कमीशन की मार से भ्रष्टाचार की ध ाार से झूठे वादों से नौजवानों की बेकारी से बढ़ती बेरोजगारी से त्रस्त मानवता कराह रही है झूठे वादों से सब चले जा रहे हैं फिर भी हम चले जा रहे हैं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के रटे रटाये स्लोगन है जो रोज अखबारों की सुर्खियां बनती हैं बेटियां बिना फीस के फांसी पर लटकती है व्यर्थ के स्लोगन से जनता को मत भटकाओ यदि सच्चे मसीहा हो जनता के तो फिर बेटियां आज उत्तर प्रदेश के बांदा की एक बेटी बिना फीस के फांसी पर क्यों लटकी यह सब व्यर्थ की संगोष्ठी क्यों करते हो सब झूठे तुम्हारे वादे है झूठे तुम्हारे इरादे हैं यदि नेक तुम्हारे इरादे है तो फिर आज बिना फीस के एक बेटी मरी है तुम हो झूठे सिस्टम के सरदार मत करो इसका प्रचार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कहां गया तुम्हारा नारा धिक्कार है ऐसी संगोष्ठी पर फिर इसकी शिकार हुई एक बेटी बताओ कहां गया तुम्हारा नारा सिस्टम की मारी फिर एक बेचारी फांसी पर लटक गई बैठेगी जांच नहीं आएगी किसी पे कोई आंच आज गरीबी एक बाप की मजबूरी है जो पेट के लिए कर रहा है मजदूरी कहां से भरेगा बिटिया की फीस निष्ठुर शासन में कब तक बेटियां फीस के लिए फांसी पर लटकती रहेंगी हम सदा सिस्टम पर इसके लिए प्रश्नचिन्ह लगाते रहेंगे क्योंकि यह एक गरीब की बेटी थी यही दोष था कि वह एक गरीब की बेटी थी कब तक यूं गरीबों की बेटियां फीस न भर पाने के कारण फांसी पर लटकती रहेंगी इस अनुत्तरित प्रश्न का जवाब कौन देगा आपका सिस्टम आप के आका या कानून बनाने वाले उस सबसे बड़े सदन के चुने हुए जनप्रतिनिधि मा सांसद गण या फिर मा विधायक गण चुने हुए नेता से हमारा प्रश्न है उस सिस्टम से या यूं ही गुमनामी में फिर गरीब मजदूर की बेटी इसके लिए पुनः अपने को करेगी अर्पण हाय सिस्टम आखिर कब तक चलेगा मौत का सिलसिला आखिर कब रुकेगा एक बाप की है मजबूरी।*

# पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। बुधवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात महोदय के कुशल पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी प्रदीप कुमार द्वारा समस्त टीम के साथ आईवीपी चौराहे पर आकस्मिक चेकिंग करके अवैध तरीके से खड़े 7 ऑटो विक्रम 6 ई रिक्शा के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए यातायात कार्यालय में खड़े कराए गए तथा संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों के विरुद्ध शहर के विभिन्न स्थानों पर चेकिंग करके कुल 84 वाहनों के विरुद्ध एमबी एक्ट की कार्यवाही के तहत ई चालान करते हुए कुल 10800 रुपए समन शुल्क वसूला गया।






अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। बुधवार को पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव, नोडल अधिकारी 112 द्वारा जनपद में संचालित आपात सेवा पीआरवी 112 के कर्मचारियों के साथ मीटिंग कर रेस्पांस टाइम के संबंध में पीआरवी को घटनास्थल पर अविलम्ब पुहंच कर त्वरित कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा उपस्थित कर्मचारियों की समस्याओं को सुनकर निराकरण हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया।

# बस्ती मे 42 हजार 8 सौ 75 श्रमिको को उनके ही गांव मे रोजगार

बस्ती, (वेबवार्ता)। कोरोना काल में दूसरे राज्यों से लौट कर उत्तर प्रदेश आये मजदूरों को बस्ती मे महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना के तहत 42 हजार 8 सौ 75 श्रमिको को उनके ही गांव मे रोजगार दिया गया है। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने बुधवार को ''यूनीवार्ता'' से कहा कि महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना के तहत 11 सौ 20 ग्राम पंचायतो मे 4 हजार 5 सौ 97 कार्य चल रहे हैं । इन कार्यो पर 42 हजार 8 सौ 75 श्रमिको को उनके ही गांव मे रोजगार दिया गया है। अभियान चला कर रजिस्ट्रर्ड श्रमिको को उनके ही गांवो मे रोजगार दिया जायेगा। श्रमिको के खातो मे 201 रूपया प्रतिदिन के हिसाब से सीधे भुगतान कर दिया जा रहा है। श्रमिको को रोजगार देने के लिए सभी खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देश दिया गया है। उन्होने बताया कि 95 ऐसे ग्राम पंचायत है जहां कार्य नही चल रहे हैं। शीघ्र ही उन गांवो मे कार्य शुरू किये जायेगे और श्रमिको को रोजगार दिया जायेगा।

# विधान परिषद की 12 सीटों के लिये 11 से नामांकन

लखनऊ, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश राज्य विधान परिषद की 12 सीटों के लिये निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कार्यक्रम की घोषणा कर दी। निर्वाचन आयोग के अनुसार चुनाव की अधिसूचना 11 जनवरी को जारी की जायेगी और उसी दिन से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। नामांकन की आखिरी तारीख 18 जनवरी नियत की गयी है जबकि 19 तारीख को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 21 जनवरी है जबकि मतदान 28 जनवरी को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक सम्पन्न होगा। मतों की गिनती उसी दिन होगी और सभी परिणाम घोषित कर दिये जायेंगे। गौरतलब है कि विधान परिषद के 12 सदस्यों का कार्यकाल 30 जनवरी को समाप्त हो रहा है। इन सदस्यों में सूबे के उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव और समाजवादी पार्टी (सपा) के अहमद हसन के अलावा, आशू मलिक,धर्मवीर सिंह अशोक,प्रदीप कुमार जाटव,रमेश यादव,रामजतन, लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, वीरेन्द्र सिंह,,साहब सिंह सैनी शामिल है। इनके अलावा नसीमुद्दीन सिद्दीकी के कांग्रेस में जाने से उनकी सदस्यता दलबदल कानून के तहत पहले ही खत्म कर दी गई थी । उधर, सूत्रों का दावा है कि भाजपा विधान परिषद की बारह सीटों पर होने वाले चुनाव में कम से कम दस सीटें जीत सकती है और यदि बहुजन समाज पार्टी का समर्थन मिला तो एक और सीट उसके पास आ सकती है । फिलहाल इन 12 सीटों में से सपा के पास छह सीटे है जबकि भाजपा और बसपा के हिस्से में तीन तीन सीटें है। भाजपा के खाते में दस और सपा के खाते में एक सीट जाना तय है । यदि भाजपा को बसपा का साथ मिला तो 11वीं सीट भी पार्टी जीत सकती है । बसपा के विधानसभा में 19 सदस्य होने के बावजूद राज्यसभा चुनाव में उसका एक प्रत्याशी जीत गया था। भाजपा ने अपना एक और उम्मीदवार खड़ा कर उसकी मुसीबत नहीं बढ़ाई थी लेकिन अंतिम समय में सपा ने अपना एक प्रत्याशी उतार कर बसपा प्रमुख मायावती को नाराज कर दिया था । सपा प्रत्याशी का पर्चा खारिज हो गया था और बसपा प्रत्याशी को जीत मिल गई थी । तभी मायावती ने कहा था कि विधान परिषद चुनाव में सपा को हराने के लिये भाजपा की मदद करने से भी पीछे नहीं रहेंगी । यदि सुश्री मायावती अपने कहे पर कायम रहती हैं तो भाजपा के पास ग्यारहवीं सीट भी आ सकती है ।

# बीएसएनएल के इस प्लान से ग्राहकों को मिलेगा बड़ा लाभ, अब हर महीने रिचार्ज का झंझट खत्म

## सेवा प्रदाता के मुताबिक प्राइवेट टेलीकॉम को टक्कर देने वाली यह स्कीम ग्राहकों को खासी पसंद आ रही है और लोग जमकर लाभ उठा रहे हैं।

कानपुर। अपने टेलीकॉम उपभोक्ताओं के लिए बीएसएनएल इस बार ऐसी स्कीम लेकर आया है, जिससे उपभोक्ताओं को हर माह रिचार्ज के झंझट से मुक्ति मिलेगी। साथ ही स्कीम का भरपूर लाभ उठा सकेंगे। बीएसएनएल सेवा प्रदाता के मुताबिक प्राइवेट टेलीकॉम को टक्कर देने वाली यह स्कीम ग्राहकों को खासी पसंद आ रही है और लोग जमकर लाभ उठा रहे हैं। स्कीम के तहत अब बीएसएनएल ग्राहकों को 365 रुपए का रिचार्ज कराने पर दो महीने की कालिंग फ्री मिलेगी। साथ ही प्रत्येक महीने इनकमिंग व आउटगोइंग सेवा के लिए रिचार्ज नहीं कराना पड़ेगा। ग्राहकों को सिर्फ अपनी जरूरत के मुताबिक इंटरनेट पैक एवं कालिंग के लिए रुपए डलवाने पड़ेंगे। बीएसएनएल का यह प्लान उनके उपभोक्ताओं को खूब लुभा रहा है। सेवा प्रदाताओं के अनुसार प्राइवेट टेलीकॉम कंपनी के उपभोक्ताओं को प्रत्येक महीने 30 से 60 रुपये के बीच रिचार्ज कराना पड़ता है। जिसके बाद उपभोक्ता की इनकमिंग और आउटगोईंग कॉल की सेवाएं चालू रहती है। रिचार्ज न कराने पर इनकमिंग व आउटगोइंग सेवा बंद




हो जाती है। इस दौरान कभी कभी उपभोक्ता को जानकारी न मिलने पर उसके की महत्त्वपूर्ण कार्य बाधित हो जाते हैं। एसडीओ मनोज कुशवाहा ने बताया कि बीएसएनएल अपने उपभोक्ता को नए–नए और आकर्षक प्लान लाता रहता है। 365 रुपये का प्लान उपभोक्ता को बहुत पसंद भी आ रहा है। उन्होंने बताया कि 1999 रुपये के रिचार्ज में उपभोक्ता को बहुत सारी सुविधाएं दी जा रही हैं। इसमें प्रतिदिन उपभोक्ता को तीन जीबी इंटरनेट व 100 एसएमएस दिया जाएगा। वहीं, इसकी अपेक्षा प्राइवेट टेलीकॉम कंपनी यही सुविधा देने के लिए 2599 का रिचार्ज कराना पड़ता है, लेकिन दो जीबी प्रतिदिन देते हैं।

# युवक की गला रेतकर हत्या

झांसी, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में झांसी के रक्सा थानाक्षेत्र में बुधवार सुबह एक युवक की लाश सड़क किनारे मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने बताया कि रक्सा थाना क्षेत्र में युवक की लाश होने की सूचना लोगों ने दी। सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी सदर हिमांशु गौरव , थाना प्रभारी रक्सा और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। युवक का गला रेता गया था और चेहरे के साथ शरीर पर भी कई घाव थे। युवक की शिनाख्त राजगढ़ निवासी सोनू (30) पुत्र चिरौंजी के रुप में की गयी है। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गयी है साथ ही सीओ सदर के साथ पूरी पुलिस टीम मामले की पड़ताल में जुट गई है। मृतक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल हत्या के पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। सोनू राजगढ़ निवासी एक प्रॉपर्टी डीलर की कार पर चालक था। बीती रात आठ बजे तक उसे राजगढ़ में ही देखा गया था। पुलिस के अनुसार युवक सोनू की हत्या धारदार हथियार से की गई है। उसके गले समेत चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में भी कई घाव बताए जा रहे हैं।

# बुलंदशहर में किशोरी के अपहरण ,दुष्कर्म के जुर्म में बीस साल की सजा

बुलंदशहर, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के एडिशनल विशेष जज पोक्सो कोर्ट से किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के जुर्म में आज सतेंद्र को 20 साल की कैद और एक लाख 20 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई । अभियोजन पक्ष ने आज यहां कहा कि नगर निवासी कक्षा 9 की छात्रा 14 साल की एक किशोरी का10 जुलाई 2014 को अपहरण करने की रिपोर्ट उसके मामा ने कोतवाली नगर में दर्ज कराई थी । पुलिस ने अगले दिन युवक सतेंद्र को गिरफ्तार कर लिया । किशोरी ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने भाई की हत्या की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने किशोरी की डाक्टरी जांच कराई और कोर्ट में कलमबंद बयान दर्ज कराया । सुनवाई एडिशनल विशेष जज समय मिश्रा की कोर्ट में हुई। गवाहों के बयान फाइल पर उपलब्ध सबूत के आधार पर सतेन्द्र को अपहरण दुष्कर्म का दोषी करार देते हुए सजा दी ।

# सम्पादकीय

## जोश और जुनून ने बनाया विराट को दशक का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की हाल ही में जारी टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है। पिछले दिनों भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली को आईसीसी द्वारा दशक का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर भी चुना गया। उन्हें दशक के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार से नवाजा गया है। दशक के सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर की दौड़ में विराट कोहली के अलावा श्रीलंका के लसिथ मलिंगा और कुमार संगाकारा, आस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क, दक्षिण अफ्रीका के एबी डीविलियर्स, रोहित शर्मा तथा महेन्द्र सिंह धोनी शामिल थे। दशक के आईसीसी पुरस्कारों में पिछले 10 वर्षों के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों को चुना गया, जिसमें पहली बार प्रशंसकों को भी मत देने का अधिकार दिया गया था और दुनियाभर से 15 लाख से भी अधिक प्रशंसकों ने 53 लाख मत डाले। विराट कोहली चार पुरस्कारों की दौड़ में शामिल थे, जिनमें आईसीसी का दशक का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर के अलावा दशक का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट, वनडे और टी–20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर शामिल थे। विराट कोहली को जहां दशक का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के अलावा दशक का सर्वश्रेष्ठ वन–डे पुरुष क्रिकेटर भी चुना गया, वहीं आस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को दशक का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट और अफगानी स्पिनर राशिद खान को सर्वश्रेष्ठ टी–20 खिलाड़ी चुना गया। आईसीसी द्वारा दशक की टेस्ट, वनडे और टी–20 की जिन टीमों का चयन किया गया, स्टार बल्लेबाज कोहली इन तीनों ही फार्मेट में शामिल होने वाले भी एकमात्र क्रिकेटर रहे। विराट को दशक की टेस्ट टीम का कप्तान भी बनाया गया।

पिछले 10 वर्षों में विराट कोहली ने 20 हजार से भी ज्यादा रन बनाए हैं और इस दौरान 66 अंतर्राष्ट्रीय शतक तथा 94 अर्धशतक भी जड़े हैं। 70 से अधिक पारी खेलते हुए उनका सर्वाधिक औसत 56.97 का रिकॉर्ड भी रहा। वन–डे में उन्होंने एक दशक में 39 शतक और 48 अर्धशतक जड़े तथा 112 कैच लपके। 10 वर्षों की अवधि में उन्होंने टेस्ट, टी–20 तथा वनडे में 56.97 के औसत से कुल 20396 रन बनाए और इस दशक में वनडे में 10 हजार से ज्यादा रन बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी भी बने, जो उन्होंने 61.83 के औसत से बनाए। वनडे मैचों में कोहली ने 12040 रन, टेस्ट क्रिकेट में 7318 रन और टी–20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में इन दस वर्षों में 2928 रन बनाए और सभी प्रारूपों में मिलाकर उनका औसत 50 से अधिक का रहा।

विराट ने अपने कैरियर का पहला रन धोनी की कप्तानी में बनाया और अपना दस हजारवां रन भी उन्होंने धोनी की मौजूदगी में ही बनाया था। जब विराट के कैरियर की शुरूआत हुई थी, उस समय क्रिकेट में धोनी और सहवाग की तूती बोलती थी लेकिन विराट ने कुछ ही समय में अपने प्रदर्शन से हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया किन्तु तब किसी ने सोचा भी नहीं था कि एक दिन यही विराट अपने नाम के ही अनुरूप क्रिकेट में विराट कीर्तिमान स्थापित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट का इतना बड़ा सितारा बन जाएगा और रिकॉर्डों के मामले में क्रिकेट के भगवान माने जाते रहे सचिन तेंदुलकर को भी पीछे छोड़ देगा। अंडर–19 क्रिकेट टीम हो या सीनियर टीम, विराट ने हर जगह अपने बल्ले से ऐसे जलवे दिखाए हैं कि खेलप्रेमी उनके दीवाने हो गए। कहना गलत नहीं होगा कि अपने जोश, जुनून, तेज गति से रन बनाने की भूख और कड़ी मेहनत के बलबूते पर विराट आज जिस पायदान पर खड़े हैं, वहां विराट ने तमाम भारतीय खिलाडिय्यों को पीछे छोड़ दिया है।

एक ओर जहां सचिन ने विराट की निरंतरता और जुनून के साथ उनकी बल्लेबाजी को बेमिसाल बताया है, वहीं वीरेन्द्र सहवाग का कहना है कि विराट ने निरंतरता को नए आयाम दिए हैं और यह 'सॉफ्टवेयर' हर वक्त अपडेट होता रहा है। आस्ट्रेलिया के विख्यात क्रिकेटर टॉम मूडी का तो यहां तक कहना है कि विराट इस शिखर पर अकेले हैं, जहां न पहले कोई था और न बाद में कोई होगा। बांग्लादेश के स्टार बल्लेबाज तमीम इकबाल तो विराट की तारीफ करते हुए यह तक कह गए कि कभी–कभी ऐसा लगता है कि भारतीय कप्तान विराट कोहली इंसान नहीं हैं क्योंकि जैसे ही वह बल्लेबाजी के लिए उतरते हैं तो ऐसा लगता है कि वह हर मैच में शतक बनाएंगे। तमीम कहते हैं कि विराट जिस तरह अपने खेल पर कार्य करते हैं, वह अविश्वसनीय है। वह कहते हैं कि पिछले 12–13 वर्षों में उन्होंने सभी महान खिलाडिय्यों को खेलते देखा है किन्तु ऐसा व्यक्ति नहीं देखा, जिसने विराट जैसा दबदबा बनाया हो।

5 नवम्बर 1988 को दिल्ली में जन्मे विराट का जीवन इतना आसान नहीं रहा। जिस दिन वह दिल्ली की ओर से कर्नाटक के खिलाफ रणजी मैच खेल रहे थे, उस दिन उनके पिता का देहांत हो गया था किन्तु दुखों का इतना बड़ा पहाड़ टूटने पर भी विराट ने टूटने के बजाय न केवल वह मैच पूरा किया बल्कि वह मैच अपने पिता के नाम समर्पित कर दिया था। 2008 में विराट ने एकदिवसीय मैचों में पदार्पण किया था और 2011 में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में कदम रखा। 2011 में ही वो विश्व कप की विजेता टीम का हिस्सा भी बने और उसी दौरान अपने पदार्पण मैच में ही शतक जड़कर विराट ने दिखा दिया था कि उनके हौंसले कितने बुलंद हैं।

– योगेश कुमार गोयल

# बिहार में सत्ता के लिए तड़प रहे हैं राजद नेता, नीतीश सरकार के खिलाफ कर रहे बयानबाजी

राष्ट्रीय जनता दल पार्टी (राजद) के नेताओं को कैसे भी बिहार की सत्ता चाहिए। इसके लिए पार्टी के नेता सब कुछ करने को तैयार हैं। हाल ही में राजद नेता व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी ने नीतीश कुमार को भाजपा छोड़कर राजद के साथ मिलकर सरकार बनाने का सुझाव दिया था। वहीं राजद नेता श्याम रजक तो जनता दल यू के 17 विधायकों के शीघ्र ही राजद में शामिल होने की घोषणा करते घूम रहे हैं। राजद के कुछ नेता बिहार में शीघ्र ही नीतीश सरकार के गिरने की भविष्यवाणी कर रहे हैं। इन सब बयानों से लगता है कि पिछले 15 वर्षों से सत्ता से दूर राजद नेताओं का मन सत्ता पाने को बेहद ललचा रहा है।

राष्ट्रीय जनता दल के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव चारा घोटाले में रांची की जेल में सजा काट रहे हैं। ऐसे में पार्टी का नेतृत्व उनके छोटे पुत्र तेजस्वी यादव के हाथों में है। पिछले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में लालू यादव के जेल में रहने के कारण राजद के सभी फैसले तेजस्वी यादव कर रहे हैं। पिछले महीने संपन्न हुए बिहार विधानसभा के चुनाव में राजद नेता तेजस्वी यादव को पूरा भरोसा था कि इस बार बिहार की सत्ता उनके हाथों में होगी और वह प्रदेश के मुख्यमंत्री बन जाएंगे। मगर चुनावी नतीजों के बाद नीतीश कुमार फिर से एक बार एनडीए गठबंधन के मुख्यमंत्री बनने में सफल हो गए। ऐसे में तेजस्वी यादव सहित राजद के सभी नेताओं को लगने लगा कि बिहार की सत्ता दिनोंदिन उनसे दूर होती जा रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में राजद शून्य पर आउट हो गई थी। वहीं इस बार के विधानसभा चुनाव में भी पिछली बार की 80 सीटों की तुलना में राजद को 75 सीटें ही मिल पाईं।

बिहार में लालू प्रसाद यादव व उनकी पत्नी राबड़ी देवी ने मिलकर लगातार 15 वर्षों तक एक छत्र राज किया था। लालू प्रसाद यादव मार्च 1990 में पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। उसके बाद जुलाई 1997 तक वह लगातार बिहार के मुख्यमंत्री पद पर रहे। लालू यादव के चारा घोटाले में फंसने पर जेल जाने के कारण उन्होंने अपनी पत्नी को अपने स्थान पर बिहार का मुख्यमंत्री बनाया। लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी जुलाई 1997 से मार्च 2005 तक लगातार 7 वर्ष 8 महीने तक बिहार की मुख्यमंत्री रहीं। उसके बाद से जनता दल यू के नेता नीतीश कुमार बिहार में लगातार मुख्यमंत्री के रूप में काम कर रहे हैं।

2015 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार ने एनडीए से अलग होकर राजद से गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। महागठबंधन की सरकार में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री व लालू प्रसाद यादव के छोटे बेटे तेजस्वी यादव को उप मुख्यमंत्री बनाया गया था। लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को कैबिनेट मंत्री बनाया गया था। मगर 20 महीने बाद ही नीतीश कुमार राजद से गठबंधन तोड़कर फिर से एनडीए के साथ मिलकर मुख्यमंत्री बन गए। 20 महीने के कार्यकाल में ही नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद यादव व उनके परिवारजनों के कारनामों से तंग आकर उनसे अलग होना ही बेहतर समझा था।

नवंबर 2020 के विधानसभा चुनाव में राजद ने 144 सीटों पर चुनाव लड़कर 75 सीटें जीतीं तथा उसे 23.11 प्रतिशत यानी 97 लाख 36 हजार 242 वोट मिले थे। 2015 के विधानसभा चुनाव में राजद ने जेडीयू, कांग्रेस के गठबंधन में 101 सीटों पर चुनाव लड़ कर 80 सीटें जीती थीं। राजद को 18.35 प्रतिशत यानि 69 लाख 95 हजार 509 वोट मिले थे। 2010 के विधानसभा चुनाव में राजद ने 168 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़कर मात्र 22 सीटें जीती थीं। उसे 18.84 प्रतिशत यानि 54 लाख 75 हजार 656 वोट मिले थे। 2005 के विधानसभा चुनाव में राजद ने 175 सीटों पर चुनाव लड़कर 54 सीटें जीती थीं। पार्टी को 23.45 प्रतिशत यानि 55 लाख 25 हजार 81 वोट मिले थे।

2019 के लोकसभा चुनाव में राजद एक भी सीट जीतने में सफल नहीं हुआ। उसे 15.36 प्रतिशत वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में राजद ने 27 सीटों पर चुनाव लड़कर 4 सीटें जीती थीं। पार्टी को 20.13 प्रतिशत यानि 72 लाख 24 हजार 893 वोट मिले थे। 2009 में राजद ने 28 सीटों पर चुनाव लड़कर 4 सीटें जीती थीं। उसे 19.31 प्रतिशत यानि 46 लाख 78 हजार 880 वोट मिले थे। 2004 के लोकसभा चुनाव में राजद ने 26 सीटों पर चुनाव लड़कर 22 सीटें जीती थीं। पार्टी को 30.67 प्रतिशत यानि 89 लाख 94 हजार 821 वोट मिले थे।

1999 के लोकसभा चुनाव में राजद ने 36 सीटों पर चुनाव लड़कर 7 सीटें जीती थीं। उसे 28.29 प्रतिशत यानि एक करोड़ 85 हजार 302 वोट मिले थे। 1998 के लोकसभा चुनाव में राजद ने 38 सीटों पर चुनाव लड़कर 17 सीटें जीती थीं। उसे 26.59 प्रतिशत यानि 99 लाख 24 हजार 389 वोट मिले थे। वर्तमान में राष्ट्रीय जनता दल के बिहार में 75 विधायक, 6 विधान परिषद सदस्य, पांच राज्य सभा के सदस्य तथा झारखंड विधानसभा में एक विधायक हैं।

उपरोक्त आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि लालू प्रसाद यादव ने जनता दल से अलग होकर 5 जुलाई 1997 को राष्ट्रीय जनता दल का गठन किया था। उस समय बिहार से झारखंड अलग नहीं हुआ था तथा पूरे बिहार में लालू यादव की तूती बोलती थी। राष्ट्रीय जनता दल के गठन के मात्र 20 दिन बाद ही लालू प्रसाद यादव को चारा घोटाले में जेल जाना पड़ा था। मगर उस वक्त उनका इतना जलवा था कि उन्होंने अपने स्थान पर पार्टी के किसी अन्य वरिष्ठ नेता की बजाए अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बना दिया था।

राष्ट्रीय जनता दल पार्टी बिहार में लालू प्रसाद की पारिवारिक पार्टी बनकर रह गई है। अपनी अनुपस्थिति में लालू प्रसाद यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री पद पर अपनी पत्नी राबड़ी देवी को बैठा दिया था। 2015 में नीतीश कुमार के साथ मिलकर सरकार बनाने पर अपने नॉन मैट्रिक बेटों तेजस्वी यादव को उप मुख्यमंत्री व तेज प्रताप यादव को कैबिनेट मंत्री बनवा दिया था। लालू प्रसाद की बड़ी बेटी मीसा भारती भी राज्यसभा सदस्य हैं। जो दो बार लोकसभा का चुनाव हार चुकी हैं।

पिछले 15 सालों से सत्ता से बाहर रह रही राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेताओं को लगता है कि लगातार सत्ता से दूर रहने के कारण आने वाले समय में पार्टी का वोट बैंक कमजोर होगा। क्योंकि उन्हें लगेगा कि अब राजद का सत्ता में आना मुश्किल है। ऐसे में बहुत से नेता व कार्यकर्ता राजद छोड़कर दूसरे दलों की तरफ जाने लगेंगे। इसी को रोकने के लिए ही राजद के बड़े नेता ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं जिससे पार्टी के कार्यकर्ताओं को लगे कि राजद शीघ्र ही सत्ता में आने वाली है।

राष्ट्रीय जनता दल के गठन के बाद से 2019 में पहली बार पार्टी लोकसभा की एक भी सीट नहीं जीत पायी है। जबकि 2004 में 22 व 1998 में 17 सांसद चुने गए थे। 2004 में तो लालू प्रसाद यादव केंद्र सरकार में रेल मंत्री बने थे। उस दौरान वे खासे चर्चित भी रहे थे। मगर 2009 में यूपीए–2 की सरकार में उनको मंत्री नहीं बनाया गया था। चारा घोटाले में दोषी सिद्ध होने के कारण लालू यादव चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। ऐसे में अब आगे तेजस्वी यादव ही पार्टी के नेतृत्वकर्ता होंगे। मौजूदा परिस्थिति मे राजद के नेताओं को चाहिए कि झूठी बयानबाजी छोड़कर वो बिहार की आवाम से जुड़ने का प्रयास करें ताकि आने वाले समय में राजद पार्टी अच्छा प्रदर्शन कर अपनी स्थिति एक बार फिर से मजबूत कर सके।

–रमेश सर्राफ धमोरा

# भाजपा नेता ने दिया केजरीवाल सरकार को चेतावनी

<u>अवध की आवाज ब्यूरो</u>

कहोबा चौराहा गोंडा। दिल्ली के प्रमुख बाजार के चांदनी चौक में हनुमान मंदिर के टूटने पर भाजपा के अनुषांगिक संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक केजरीवाल सरकार पर तीखे वार करते हुए कहा कि दिल्ली के आदरणीय जी उनको कभी माफ नहीं करेंगे और जब किसी व्यक्ति का विनाश कॉल आता है तो इस तरह की हरकतें करना शुरू कर देता है इतिहास गवाह है जो आस्था के साथ खिलवाड़ किया उसका विनाश निश्चित रूप से होता है इनकी मति मारी हुई है जोकि एक समुदाय के साथ यह पूरी तरह से



मुख्यमंत्री घुमंतू समाज के प्राणी हैं। यह सदैव आम जनमानस को बेवकूफ बनाने के एक मदारी की तरह हगने के लिए लिए तरह –तरह के भेष बदलते रहते हैं लेकिन इन्होंने जो हिंदू समुदाय के साथ घटना कराया है इससे प्रभु श्री राम के भक्त हनुमान आस्था निंदनीय घटना होने दिया यदि प्रभु हनुमान जी की प्रतिमा व मंदिर पुनः निर्माण नहीं हुआ तो हम अपने मजदूरों एवं कामगारों व कर्मचारियों की विशाल सेना लेकर केजरीवाल सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का काम करेंगे।

# घने कोहरे के चलते ट्रक और बस में हुई भिड़ंत, दो की मौत, 10 घायल

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में बड़ा हादसा हो गया है। यहां बांसी रोड पर घने कोहरे के बीच गैस सिलिंडर से लदे ट्रक व यात्रियों से भरी बस की टक्कर हो गई। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बस में सवार 10 यात्री घायल हो गए हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया और छानबीन शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक, बांसी रोड पर वाल्टरगंज थाने के केउवा जप्ती गांव के पास बुधवार की सुबह घने कोहरे के बीच यात्रियों से भरी निजी बस और सिलिंडर लदे ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक चालक और बस के खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। बस में सवार करीब 10 यात्री घायल हैं,



जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है। हादसे के बाद चीख–पुकार मच गई। वहीं सूचना पाकर वाल्टरगंज और रुधौली थाने की पुलिस फोर्स पहुंच गई। बताया जा रहा है कि बस सिद्धार्थनगर के घोसियारी से लखनऊ जा रही थी। हादसे के बाद करीब दो घंटे तक बांसी रोड पर आवागमन प्रभावित रहा।

# खेल आपसी प्रेम सौहार्द को बढ़ाता है।। वैभव सिंह

<u>अवध की आवाज ब्यूरो</u>

मनकापुर गोण्डा। खेल से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। खेल आपसी प्रेम सौहार्द को बढ़ाता है । उक्त विचार जिला युवा कल्याण विभाग द्वारा मंगलवार को राजा राघवेंद्र प्रताप सिंह इंटर कॉलेज मनकापुर के मैदान में आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता मैं विजयी प्रतिभागियों को पुरुस्कार वितरण के दौरान मोहल्ला शास्त्री नगर के सभासद/ भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष वैभव सिंह ने व्यक्त किये।उन्होंने कहा खेल से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है ।तथा खेल आपसी प्रेम सौहार्द को बढ़ाता है। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ खेलकूद में भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए । जिससे वे अपने माता पिता के साथ गांव जिला व प्रदेश का भी नाम रोशन करें । जिला युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में बालक और बालिकाओं ने अपने अपने हुनर का जलवा दिखाया। सर्वप्रथम बालिका वर्ग में प्रिया शुक्ला ने तीन प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर चौम्पियन बनी।बालक वर्ग में रवि वर्मा ने अपना सिक्का जमाया।प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक कुलदीप कुमार उपाध्याय ने फीता काटकर कर किया। 100 बालिका वर्ग दौड़ में प्रिया शुक्ला, लीला वती, सुनीता भारती, 200 मीटर प्रिया शुक्ला, सुनीता भारती, करिश्मा, लम्बी कूद में प्रिया शुक्ला, मीरा वर्मा, सुनीता ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में आर्दश यादव, अगम श्रीवास्तव, मोहल्ला शास्त्री नगर के सभा सद / भाजपा मंडल उपाध्यक्ष वैभव सिंह व धीरेंद्र प्रताप सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन आर के नारद ने किया।



मानस मिश्र, 200 मीटर राहुल वर्मा, अनीश साहू,शिव नाथ, 400 मीटर दौड सौरभ यादव, अमित चौहान, अर्जुन यादव,1500मीटर रवि राजपूत, ओंकार, सौरभ यादव, गोला फेक में रवि वर्मा , राहुल मिश्रा, मोहित यादव, लम्बी कूद में रवि, राहुल, शिव नाथ यादव प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में रवि वर्मा, अनमोल, बृजेश, अरविंद, राजकरन, सुधांशु सिंह, मोहित की टीम विजेता रही। विजेता खिलाड़ियों को विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आए हुए सभी गणमान्य नागरिकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। जिला युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान प्रधानाचार्य संतोष सिंह शिक्षक लल्लू सिंह,सुधांशु बसंत, एस पी सिंह, वी पी सिंह, अरूप सिंह, अयोध्या शुक्ला, दिनेश मिश्र, रमेश कुमार मिश्र, हरि दत्त मिश्रा, राम कुमार यादव , राम सूरत, अवधेश समेत दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थिति रहे।

# सुप्रीम कोर्ट ने 11 जनवरी तक सुनवाई स्थगित की, किसान अंदोलन पर जताई चिंता



नई दिल्ली। दिल्ली बॉर्डर पर किसान आंदोलन 43वें दिन भी जारी है। किसान संघों के नेता अपनी मांगों पर अड़े हैं। इस बीच सुप्रीम कोर्ट में किसानों के पक्ष में एक वकील द्वारा दायर याचिका पर आज सुनवाई हुई। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 11 जनवरी के लिए स्थगित दी। शीर्ष अदालत ने किसानों की हालत पर चिंता भी जताते हुए कहा कि हम आपकी समस्या को जानते हैं। हम चाहते हैं कि बातचीत से मसले का समाधान निकले। एक वकील ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर तीनों केंद्रीय कानूनों के वापसी की मांग की। बता दें कि इससे पहले लॉ स्टूडेंट की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने एक कमेटी गठित करने की बात कही थी। साथ ही बातचीत के जरिए समस्या का समाधान निकालने का सुझाव भी दिया था। इस बीच सातवें और आठवें दौर की बातचीत केंद्र सरकार और किसान संघों के नेताओं के बीच हुई थी। लेकिन दो दौर में नए सिरे हुई वार्ता भी पहले की तरह बेनतीजा रही। अब किसान संघों ने साफ कर दिया है कि उनका आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही सात जनवरी को ट्रैक्टर मार्च और 26 जनवरी को गणतंत्र मार्च निकालेंगे।

# 2 दिन पूर्व खाद बीज लेने गया युवक नहीं लौटा घर मां ने थाने में दर्ज कराई गुमशुदी की रिपोर्ट।

<u>अवध की आवाज ब्यूरो</u>

मनकापुर गोंडा। मोतीगंज थाना क्षेत्र के करमोहनी सोहास का है जहां घर से खाद बीज लेने की बात कह कर बाजार गया युवक लापता हो गया।परिजन काफी खोजबीन करने के पश्चात जब युवक का कहीं पता नहीं चला तब स्थानीय थाने में गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन करने की मदद मागी है। गुम हुये बेटे की मां शान्ती देबी पत्नी सूर्य प्रसाद निवासी गांव सोहास ,करमोहनी ने तहरीर के मुताबिक बताया की उसका बेटा ज्ञान तिवारी 30पुत्र सूर्य प्रसाद तिवारी 4 जनवरी 2021को घर से खाद व गेहूं का बीज लेने की बात कह कर बीरेपुर के लिए गया था । लेकिन घर वापस नहीं आया। जिसकी खोजबीन नात रिस्तेदारो में की लेकिन उसका कहीं कोई भी पता



नही चला इस बाबत थाने पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई इंचार्ज प्रभारी थाना अध्यक्ष जीतेन्द्र यादव ने बताया की लापता हुए युवक की मां की तहरीर पर बुधवार 6 जनवरी को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।तथा हर प्रकार से तलाश जारी है।

# एएमसी लखनऊ के सेनानायक ने संभाला पदभार

लखनऊ, (वेबवार्ता)। लेफ्टिनेंट जनरल संदीप मुखर्जी ने सेना चिकित्सा कोर (एएमसी) केंद्र एवं कॉलेज लखनऊ के सेनानायक और एएमसी अभिलेख प्रमुख का पदभार संभाल लिया है। इससे पहले वह मुख्यालय पश्चिमी वायु कमान में प्रधान चिकित्सा अधिकारी के रूप में तैनात थे। मंगलवार को पदभार संभालने के बाद लेफ्टिनेंट जनरल संदीप ने सेना चिकित्सा कोर (एएमसी) केंद्र एवं कॉलेज लखनऊ के युद्ध स्मारकद्'श्रद्धांजलि'पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र की सेवा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। लेफ्टिनेंट जनरल संदीप मुखर्जी को 17 दिसंबर 1983 को सेना चिकित्सा कोर में कमीशन प्राप्त किया है। उन्होंने अपनी एमबीबीएस की डिग्री और एमडी (पीएसएम) की डिग्री पुणे के प्रतिष्ठित सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज से हासिल की है। लेफ्टिनेंट जनरल मुखर्जी अपने लंबे और शानदार करियर में सशस्त्र बलों की विभिन्न प्रशासनिक और पेशेवर पदों पर काम कर चुके हैं। उन्होंने पुणे के सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष,सामुदायिक चिकित्सा के साथ–साथ मुख्यालय मध्य वायु कमान और मुख्यालय पूर्वी कमान मेंभी प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर के रूप में काम किया है।

# दिसंबर में धीमी गति से बढ़ा भारत का सर्विस सेक्टर, कर्मचारियों की भर्तियां थमीं

नयी दिल्ली। भारत की सेवा क्षेत्र की गतिविधियां दिसंबर में धीमी गति से बढ़ीं और इस दौरान बिक्री में वृद्धि तीन महीने के निचले स्तर पर आ गई तथा कर्मचारियों



की भर्तियां थम गई। भारत का सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक नवंबर के 53.7 अंक से गिरकर दिसंबर में 52.3 अंक हो गया। सूचकांक दिसंबर में लगातार तीसरे महीने 50 से ऊपर रहा, जो कारोबार में बढ़ोतरी को दर्शाता है, हालांकि इसकी रफ्तार काफी धीमी है। आईएचएस मार्किट के आर्थिक सहायक निदेशक पॉलियाना डी लीमा ने कहा, हालांकि, यह अच्छी खबर है कि दिसंबर में सेवा क्षेत्र का विस्तार हुआ, लेकिन वृद्धि ने एक बार फिर अपनी गति खो दी है। सर्वेक्षण में कहा गया कि कंपनियों ने संकेत दिया कि नए कामों से वृद्धि को समर्थन मिला, हालांकि प्रतिस्पर्धी दबावों और कोविड–19 महामारी ने इस पर अंकुश लगाया। लीमा ने कहा कि सेवा प्रदाताओं के मुताबिक कोविड–19 के मामलों में तेजी के चलते कारोबार प्रभावित हुआ और व्यापार अनिश्चितता बढ़ गई। सर्वेक्षण के मुताबिक रोजगार के मोर्चे पर नकदी संकट, श्रमिकों की कमी और मांग में संकुचन के चलते भर्तियों पर रोक लगा दी गई हैं।

# फिर सवालों में घिरी उर्मिला मातोंडकर, चुनाव फंड से बचे पैसों का राहत काम में किया इस्तेमाल

अभिनेत्री से नेता बनीं उर्मिला मातोंडकर अब राजनीति में अपनी पकड़ बना रही है। महाराष्ट्र में उर्मिला मातोंडकर ने 2019 में कांग्रेस पार्टी का दामन थाम कर चुनाव लड़ा था जिसमें वह बुरी तरह हार गयी थी। कुछ समय कांग्रेस में रहने के बाद उर्मिला मातोंडकर ने 2020 में शिवसेना का हाथ थाम लिया। खबरों के मुताबिक कांग्रेस के पार्टी फंड से उर्मिला मातोंडकर को चुनाव लड़ने के लिए 50 लाख की धन राशि दी गयी थी। जिसमें से चुनाव के दौरान 30 लाख खर्च हुए थे। 20 लाख बाकी रह गये थे। उर्मिला मातोंडकर ने बचे हुए धन को कोरोना राहत में दान कर दिया था।

कुछ समय पहले कांग्रेस छोड़ने के बाद उर्मिला मातोंडकर शिवसेना में शामिल हो गईं। 2019 के लोकसभा चुनाव में, उर्मिला मातोंडकर मुंबई उत्तर से कांग्रेस की उम्मीदवार थीं, जो भाजपा के गोपाल शेट्टी से हार गईं थी। भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार, उर्मिला मातोंडकर ने सार्वजनिक क्षेत्र की बैंक की कांदिवली शाखा में चुनाव खर्च के लिए एक संयुक्त खाता खोला था। कांग्रेस महासचिव अशोक सुथराले संयुक्त खाताधारक थे।

ईसीआई के मानदंडों के अनुसार, प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा खर्च पर 70 लाख रुपये की कैप थी। महाराष्ट्र कांग्रेस ने अप्रैल 2019 में इस खाते में 50 लाख रुपये स्थानांतरित किए। खाता विवरण





के अनुसार, 2019 में चुनावी मौसम के दौरान लगभग 30 लाख रुपये का उपयोग किया गया था और जुलाई 2020 तक शेष राशि के रूप में 20.4 लाख रुपये अभी भी खाते में शेष थे। जुलाई में, उर्मिला मातोंडकर ने बचे हुए पैसों को पार्टी को नहीं लौटाया बल्कि उन्होंने उन पैसों को मुख्यमंत्री राहत कोष में उसी खाते से 20 लाख रुपये का दान किया गया था।

इस बारे में बात करते हुए एमपीसीसी के कोषाध्यक्ष सुरेश शेट्टी ने कहा "चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार को पैसा दिया जाता है। वह पैसा पार्टी का है। यदि किसी भी पैसे को छोड़ दिया जाता है, तो उसे पार्टी को वापस कर दिया जाना चाहिए। सामान्य व्यवहार के अनुसार, इस मामले में भी ऐसा ही होना चाहिए था।

उर्मिला मातोंडकर ने कहा कि यह दान राज्य कांग्रेस प्रमुख बालासाहेब थोरात की अनुमति से किया गया था। "यह दान एमपीवी के अध्यक्ष थोरात साब की अनुमति के साथ कोविद –19 कार्य के लिए लॉकडाउन के बीच में एमवीए सरकार की ओर से किया गया था। कुछ कुख्यात लोग कहानी बनाने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने इसका इस्तेमाल महामारी में महाराष्ट्र के लोगों के कल्याण के लिए किया है।

# भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम, जानिए ये बड़ी बातें

वाशिंगटन। अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने सोमवार को कहा भारत इस समय दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और यहां 73.2 अरब



अमेरिकी डॉलर के 21 यूनिकॉर्न हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि 2022 तक 50 से अधिक स्टार्टअप यूनिकॉर्न क्लब में शामिल हो सकते हैं। यूनिकॉर्न ऐसी स्टार्टअप कंपनियों को कहते हैं, जिनकी कीमत एक अरब डॉलर से अधिक होती है। संधू ने कहा, भारत में उद्यमशीलता तेजी से बढ़ी है। भारत 2020 में शीर्ष 50 नवोन्मेषी अर्थव्यवस्थाओं में एक था। उन्होंने कहा, आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और 73.2 अरब कीमत वाले 21 यूनिकॉर्न का घर है। कुछ अनुमानों के अनुसार 2022 तक 50 से ज्यादा सूनिकॉर्न स्टार्टअप यूनिकॉर्न क्लब में शामिल हो सकते हैं। सूनिकॉर्न ऐसे स्टार्टअप को कहते हैं, जिनमें यूनिकॉर्न बनने की क्षमता होती है। संधू भारतीय राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार 2020 के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम का सह–प्रायोजक भारतीय दूतावास था। कार्यक्रम का आयोजन उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) और अमेरिका–भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के सहयोग से किया गया था। संधू ने कहा कि एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार भारतीय स्टार्टअप ने इस साल दिसंबर के मध्य तक 9.3 अरब अमरीकी डॉलर जुटाए।

# 'मिस्टर बीन' के किरदार में अब कभी नहीं दिखेंगे रोवन एटकिंसन, खुद बताया इसका कारण

लॉस एंजेलिस, (वेबवार्ता)। बहुत कम लोग ही ऐसे होंगे जिन्हें मिस्टर बीन का कॉमिक किरदार पसंद नहीं आया होगा। इस किरदार के साथ ब्रिटिश ऐक्टर रोवन एटकिंसन दुनियाभर में मशहूर हो गए। रोवन ने बहुत सारी फिल्मों और नाटकों में काम किया है लेकिन उन्हें आज भी दुनियाभर में मिस्टर बीन के रूप में पहचाना जाता है। अब रोवन ने कहा है कि वह कभी भी मिस्टर बीन का किरदार नहीं निभाएंगे। रोवन एटकिंसन ने एक हालिया इंटरव्यू में कहा कि अब वह कभी भी मिस्टर बीन का किरदार नहीं निभाएंगे। हालांकि उन्होंने यह जरूर कहा कि वह इसी किरदार पर बन रही एक ऐनिमेटेड सीरीज में अपनी आवाज जरूर देंगे। रोवन ने कहा, 'मेरे लिए केवल आवाज के तौर पर यह



किरदार निभाना आसान है। मुझे अब इस किरदार को निभाने में मजा नहीं आता है। इस किरदार को निभाने के लिए जो जिम्मेदारी उठानी पड़ती है वह बहुत भारी है। रोवन एटकिंसन ने आगे कहा कि मिस्टर बीन का किरदार निभाना बहुत ही तनावपूर्ण और थकानेवाला होता है। उन्होंने यह भी कहा कि वह अब इस किरदार को खत्म कर देना चाहते हैं। बता दें कि मिस्टर बीन का किरदार टीवी पर पहली बार 1990 में दिखाई दिया था। उसके बाद यह किरदार दुनियाभर में मशहूर हो गया। इस किरदार की पॉप्युलैरिटी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मिस्टर बीन का फेसबुक पेज दुनियाभर में सबसे ज्यादा लाइक किए गए पेजेस में 10वें नंबर पर आता है।

# ड्रग्स केसः अर्जुन रामपाल की बहन को मिला एनसीबी से पूछताछ का समन

मुंबई, (वेबवार्ता)। सुशांत सिंह राजपूत के केस में ड्रग्स के ऐंगल से जांच कर रहे नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने बुधवार 6 जनवरी 2021 को बॉलिवुड ऐक्टर अर्जुन रामपाल की बहन को पूछताछ के लिए बुलाया है। एक एनसीबी अधिकारी ने मीडिया को बताया है कि ड्रग्स केस में अर्जुन रामपाल, उनकी गर्लफ्रेंड गैब्रिएला और अगिसियालोस डेमेट्रिएड्स की संलिप्तता के बारे में पूछताछ की जाएगी। बताया जा रहा है कि अर्जुन रामपाल की बहन बुधवार को एनसीबी ऑफिस पहुंचेंगी। अर्जुन रामपाल की बहन को काफी पहले समन भेजा गया था। अर्जुन के घर से कुछ ऐसी दवाएं मिली थीं जो बिना प्रिस्क्रिप्शन के नहीं मिलती हैं। एनसीबी ने अर्जुन की मुंबई स्थित प्रॉपर्टीज पर छापा मारा था। इसके बाद अर्जुन और उनकी गर्लफ्रेंड गैब्रिएला से



कई घंटों तक पूछताछ चली थी। बता दें कि एनसीबी ने गैब्रिएला के भाई अगिसियालोस डेमेट्रिएड्स को गिरफ्तार भी किया था। एनसीबी का कहना है कि अगिसियालोस एक बड़े ड्रग सिंडिकेट का हिस्सा हैं और उनके संबंध उन्हीं कथित ड्रग पेडलर्स से थे जिन्होंने रिया और शौविक को सुशांत के लिए ड्रग्स सप्लाई किए थे। हालांकि बाद में अगिसियालोस को जमानत पर रिहा कर दिया गया।

# जिंदगी की जंग हार गईं 'बॉन्ड गर्ल' तान्या रॉबर्ट्स, सोमवार रात हो गया निधन

लॉस एंजेलिस, (वेबवार्ता)। पिछले दिनों खबर आई थी कि हॉलिवुड ऐक्ट्रेस तान्या रॉबर्ट्स को गंभीर स्थिति में हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। अब पता चला है कि सोमवार रात उनका निधन हो गया है। पहले भी उनकी निधन की खबरें आई थीं लेकिन तब तक तान्या वेंटिलेटर पर थीं। बहुत कोशिशों के बाद भी 'बॉन्ड गर्ल' तान्या रॉबर्ट्स को बचाया नहीं जा सका। फॉक्स न्यूज के मुताबिक, तान्या रॉबर्ट्स के लॉन्ग टाइम पार्टनर लान्स ओ ब्रायन ने मंगलवार को बताया कि तान्या का सोमवार रात निधन हो गया। उन्हें यूटीआई इन्फेक्शन की समस्या थी जो उनकी किडनी, लिवर और गॉलब्लैडर के रास्ते खून तक फैल गया था। पहले तान्या के निधन की गलत खबर दुनियाभर में फैल गई थी। बाद में हॉस्पिटल स्टाफ ने यह बात स्पष्ट की थी कि



तब तक तान्या का निधन नहीं हुआ था। तान्या रॉबर्ट्स का असली नाम विक्टोरिया लीग ब्लम था। उन्होंने मॉडलिंग से अपना करियर शुरू किया था और 1975 में हॉरर फिल्म 'फोर्स्ड एंट्री' से ऐक्टिंग में डेब्यू किया था। तान्या ने डिटेक्टिव शो 'चार्लीज ऐंजिल्स' में भी काम किया था।

# गजनी प्रांत में एक अफगान सैनिक ने सेना के सात जवानों की हत्या की

काबुल, (वेबवार्ता)। अफगानिस्तान के गजनी प्रांत में एक अफगान सैनिक राष्ट्रीय सेना के सात जवानों की हत्या कर सुरक्षा चौकी छोड़कर भाग गया। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सैनिकों को जहर दिया गया था और पिस्तौल से गोली मारी गई थी। हमलावर घटना को अंजाम देने के बाद हथियार और गोला–बारूद लेकर भाग गया। गजनी प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता ने घटना की पुष्टि की है। सैनिकों को कैसे और क्यों मारा गया इस बारे में विस्तार से नहीं बताया गया है। प्रांतीय परिषद के सदस्य हसन रजा यूसुफी ने संवाददाताओं को बताया कि हमलावर एक घुसपैठिया था जो अपने दोस्तों की हत्या कर भाग गया। आतंकवादी संगठन तालिबान ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए एक बयान में कहा कि उन्होंने गजनी में सात सैनिकों को मार दिया है और एक को पकड़ लिया है। इसके अलावा, एक सुरक्षा सूत्र ने बताया कि अफगान सुरक्षा बलों ने मंगलवार को अशांत हेलमंड प्रांत में विस्फोटक ले जा रहे एक तालिबान वाहन को नष्ट कर दिया।

# मुंबई हमले के मास्टरमाइंड लखवी की गिरफ्तारी का अमेरिका ने किया स्वागत

वाशिंगटन। अमेरिका ने मुंबई हमले के मास्टरमाइंड एवं आतंकवादी संगठन लश्कर–ए–तैयबा के आतंकवादी गतिविधियों के कमांडर जकी–उर–रहमान लखवी की गिरफ्तारी का स्वागत करते हुए कहा कि आतंकवाद के समर्थन एवं वित्तपोषण के लिए उसकी जिम्मेदारी तय करने में यह महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है कि देश में खुलेआम घूम रहे आतंकवादियों को न्याय के कठघरे में लाने के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच पाकिस्तान ने गत शनिवार को लखवी को गिरफ्तार किया। संयुक्त राष्ट्र से आतंकवादी घोषित लखवी वर्ष 2015 से ही मुंबई हमले मामले में जमानत पर था और पंजाब सूबे



के आतंकवाद निरोधक विभाग ने उसे आतंकवाद का वित्तपोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के दक्षिण एवं मध्य एशिया ब्यूरो ने ट्वीट किया, हम पाकिस्तान द्वारा आतंकवादी सरगना जकी–उर–रहमान की गिरफ्तारी का स्वागत करते हैं क्योंकि उसे आतंकवाद एवं उसके वित्तपोषण में उसकी भूमिका के लिए जिम्मेदारी तय करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा, हम उसके अभियोजन और सजा देने की प्रक्रिया पर करीब से नजर रखेंगे और आह्वान करते हैं कि उसे मुंबई हमले में भूमिका के लिए उसकी जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

# मोदी, शाह ने जयराम ठाकुर को जन्मदिन की दी बधाई

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को जन्मदिन की बधाई दी और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन जयराम ठाकुर जी को जन्मदिन की बहुत–बहुत बधाई। उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएं।' शाह ने ट्वीट किया, 'हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर जी को जन्मदिन की



की कामना की। ठाकुर आज 56 वर्ष के हो गये। प्रधानमंत्री ने अपने बधाई संदेश में कहा, 'हिमाचल प्रदेश को निरंतर विकास के पथ पर आगे ले जा रहे राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री शुभकामनाएं। आपके नेतृत्व में देवभूमि निरंतर विकास एवं प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे तथा आप स्वस्थ एवं दीर्घायु हों ऐसी ईश्वर से कामना करता हूँ।'

# किसानों के हित में उच्चतम न्यायालय को लेना चाहिए संज्ञान–गहलोत

जयपुर, (वेबवार्ता)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किसान आंदोलन के शीघ्र सुलह में उच्चतम न्यायालय से आशा जताते हुए कहा है कि किसानों के हित में न्यायालय को संज्ञान लेकर न्याय करना चाहिए। गहलोत ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि अगर उच्चतम न्यायालय इन नए कृषि कानूनों को रद्द करने का फैसला सुना दे तो किसानों का आंदोलन भी तुरंत समाप्त हो सकता है। उन्होंने कहा कि 42 दिन से अपना घर छोड़ ठंड और बारिश में बैठे किसानों के हित में न्यायालय को संज्ञान लेकर न्याय करना चाहिए। अब तक 50 किसानों की मौत इस आंदोलन में हो चुकी है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने सेंट्रल विस्टा प्रॉजेक्ट को मंजूरी दे दी है। वैश्विक महामारी कोरोना के कारण बने आर्थिक संकट के माहौल में इस प्रॉजेक्ट को टाला जा सकता था। गत 18 दिसंबर को किसानों के मुद्दे पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने केंद्र सरकार से कृषि कानूनों को टालने पर विचार करने को कहा था। उधर पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा है कि जब किसानों ने शुरू से ही स्पष्ट कर दिया था कि ये कानून कृषि एवं किसानों के विरुद्ध हैं तो केंद्र सरकार क्यों बार–बार वार्ता के नाम पर किसानों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। सरकार अन्नदाताओं को बरगलाने की बजाय उनकी समस्याओं का उचित समाधान निकालकर अपना राजधर्म निभाएं।

# लव जिहादः उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड सरकार को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस



नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने विवाह के लिए धर्मांतरण (लव जिहाद) के खिलाफ उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के कानूनों की वैधानिकता को चुनौती दी जाने वाली याचिकाओं पर दोनों राज्य सरकारों से बुधवार को जवाब तलब किया।

मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे, न्यायमूर्ति वी रमासुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की खंडपीठ ने विशाल ठाकरे एवं अन्य तथा सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सितलवाड़ के गैर–सरकारी संगठन 'सिटीजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस' की याचिकाओं की सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड की सरकारों को नोटिस जारी किये। न्यायालय ने, हालांकि संबंधित कानून के उन प्रावधानों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसके तहत शादी के लिए धर्म परिवर्तन की पूर्व अनुमति को आवश्यक बनाया गया है।

सुश्री सितलवाड़ की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह ने दलील दी कि पूर्व अनुमति के प्रावधान दमनकारी हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के अध्यादेश के आधार पर पुलिस ने कथित लव जिहाद के मामले में निर्दोष लोगों को गिरफ्तार किया है।

सुनवाई की शुरुआत में न्यायमूर्ति बोबडे ने याचिकाकर्ताओं को संबंधित उच्च न्यायालय जाने को कहा, लेकिन सिंह और वकील प्रदीप कुमार यादव की ओर से यह बताये जाने के बाद कि दो राज्यों में यह कानून लागू हुआ है और समाज में इससे व्यापक समस्या पैदा हो रही है। वकीलों ने दलील दी कि मध्य प्रदेश और हरियाणा जैसे अन्य राज्य भी ऐसे ही कानून बनाने पर विचार कर रहे हैं। इसके बाद न्यायालय ने मामले की सुनवाई को लेकर हामी भरते हुए दोनों राज्य सरकारों को नोटिस जारी किये।

# ठंड, बारिश के बावजूद अपनी मांगों पर अडिग किसानों ने प्रदर्शन तेज करने की चेतावनी दी

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। भीषण सर्दी, बारिश के बावजूद केन्द्र के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ पिछले करीब 40 दिनों से दिल्ली की सीमाओं पर डटे किसानों ने अपना प्रदर्शन तेज करने की धमकी दी है। हालांकि खराब मौसम के पूर्वानुमान के मद्देनजर उन्होंने बुधवार को आहूत 'ट्रैक्टर मार्च' स्थगित कर दिया। सरकार और किसान संगठनों के बीच सोमवार को हुई सातवें दौर की वार्ता भी बेनतीजा रही थी। किसान संगठनों के प्रतिनिधि इन कानूनों को पूरी तरह निरस्त करने की अपनी मांग पर अड़े रहे जबकि सरकार कानूनों की ''खामियों'' वाले बिन्दुओं या उनके अन्य विकल्पों पर चर्चा करना चाह रही थी। दोनों के बीच अब अगली बातचीत आठ जनवरी को होगी। इस बीच राष्ट्रीय राजधानी में भीषण सर्दी का प्रकोप जारी है, यहां बुधवार सुबह बारिश हुई और ओले गिरे। दिल्ली में चार दिन से रुक–रुक कर बारिश हो रही है। दिल्ली में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था, जो 15 साल में जनवरी में सबसे कम था। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने मंगलवार को कहा था कि छह जनवरी को प्रस्तावित अपने ट्रैक्टर मार्च को खराब मौसम के पूर्वानुमान के चलते मंगलवार को सात जनवरी के लिए टाल दिया। हालांकि उन्होंने कहा कि वे आने वाले दिनों में अपने आंदोलन को तेज करेंगे। किसान विवादित कृषि कानूनों को वापस लेने एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की अपनी मांग को लेकर दिल्ली से लगी सीमाओं पर 28 नवम्बर से डटे हैं। यातायात पुलिस के अधिकारी लगातार ट्विटर पर लोगों को बंद एवं परिवर्तित मार्गों की जानकारी दे रहे हैं। यातायात पुलिस ने मंगलवार को सिलसिलेवार ट्वीट में बताया कि सिंघू, औचंदी, प्याऊ मनियारी, सबोली और मंगेश बॉर्डर बंद हैं। उसने कहा, '' कृपया लामपुर, सफियाबाद, पल्ला और सिंघू स्कूल टोल टैक्स बार्डर से होकर जाएं। मुकरबा और जीटेके रोड पर भी यातायात परिवर्तित किया गया है। आउटर रिंग रोड, जीटीके रोड और एनएच–44 पर जाने से भी बचें।'' उसने ट्वीट किया, '' चिल्ला और गाजीपुर बॉर्डर नोएडा तथा गाजीपुर से दिल्ली आने वाले लोगों के लिए बंद है। कृपया आनंद विहार, डीएनडी, अप्सरा, भोपुरा और लोनी बॉर्डर से होकर दिल्ली आएं।'' उसने कहा कि टिकरी, ढांसा बॉर्डर पर यातायात पूरी तरह बंद है। यातायात पुलिस ने कहा, '' झटीकरा बॉर्डर केवल हल्के वाहनों, दो–पहिया वाहनों और राहगीरों के लिए खुला है।'' उसने कहा कि हरियाणा जाने के लिए झाड़ोदा (वन सिंगल कैरिजवे), दौराला, कापसहेड़ा, रजोकरी एनएच–8, बिजवासन/बजघेड़ा, पालम विहार और डूंडाहेड़ा बॉर्डर खुले हैं।

अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, 8960775784 Email: avadhkiaawaz@gmail.com
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।